# 7वीं मंजिल से कूदा मरीज

## हमीदिया अस्पताल में सुरक्षा को लेकर उठा सवाल

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 30 सितंबर. हमीदिया अस्पताल की 7 वीं मंजिल से कूद कर एक मरीज ने आत्महत्या कर ली, जिससे अस्पताल में लगाई गई सुरक्षा एजेंसी पर सवाल उठ रहे हैं. कोहेफिजा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.**

जानकारी के अनुसार मृतक अजय यादव उम्र 38 वर्ष का निवासी नरसिंहपुर का हमीदिया में इलाज चल रहा था. अजय एक दशक से किडनी की बीमारी से पीड़ित था. लंबी समय तक बीमारी में घिरे रहने से वह मानसिक अवसाद में घिर गया था.

परिजन सभी जगह अजय के इलाज के लिए पहुंचकर उसका इलाज कराते थे. अजय को 2 दिन पहले हमीदिया में इलाज के लिए चिकित्सकों की निगरानी में भर्ती कराया गया था. सोमवार को देर रात को अजय ने अचानक से बिल्डिंग से छलांग लगा दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई. मृतक के शव को पीएम रिपोर्ट के लिए भेजा गया है. मृतक के परिजनों ने पुलिस की पूछताछ में अजय की बीमारी के बारे में जानकारी दी. परिजनों ने बताया कि बीमार के चलते वह मानसिक अवसाद में घिर गया था और कई बार आत्महत्या की बात कह चुका था. अजय के आत्महत्या करने से परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है.



# भेल के आसमान में उड़ते दिखे हनुमानजी

**भोपाल, 30 सितंबर. भेल भोपाल के डी सेक्टर पिपलानी में रामलीला में मंगलवार शाम को लंका दहन का मंचन किया गया.**

इस दौरान श्रद्धालुओं ने हनुमान जी को आसमान से अशोक वाटिका में उतरते हुए देखा. इसके बाद और हनुमान जी माता सीता से मिले. इस अवसर पर भेल महाप्रबंधक प्रकाश उपाध्याय, जीएम रूपेश तैलंग, आशीष खरे भेल कर्मचारी नेता केएस ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

# पुलिस ने स्कूली बच्चों को किया जागरूक

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 30 सितंबर. थाना प्रभारी चूना भट्टी ने क्षेत्र में संचालित नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को अभियान के तहत मंगलवार को जागरूक किया.**



स्कूल के बालक-बालिकाओं को और शिक्षकों को मैं हूं अभिमन्यू अभियान के बारे में जानकारी दी गई. इसके तहत महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं के बारे में चर्चा की गई.

घरेलू हिंसा पर बात करते हुए थाना प्रभारी ने इसके रोकथाम और समाज में महिलाओं को समान अधिकार देने के बारे में समझाया. स्कूल की बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त कर जीवन में आगे बढ़ाने की बारीकी से जानकारी भी कार्यक्रम के दौरान दी गई.

पुलिस के 112 डायल नंबर की जानकारी देते हुए किसी भी समस्या के दौरान सूचना देने की बात कार्यक्रम के दौरान बच्चों को दी गई. इस मौके पर चुना भट्टी थाने से उप निरीक्षक मोना जादौन, महिला प्रधान आरक्षक चमेली पवार सहित पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे.

# मैराथन में पुलिसकर्मियों-युवाओं ने दिखाया जोश

## मैं भी अभिमन्यु अभियान के तहत मैराथन दौड़

**भोपाल, 30 सितंबर. मै हूं अभिमन्यु कार्यक्रम के दौरान थाना खजूरी सडक में मंगलवार को मैराथन दौड आयोजित हुई. दौड़ में करीब 50 से 60 युवा और थाना स्टाफ ने भाग लिया.**



थाने से दौड़ प्रारंभ होकर धामनिया से होते हुए वापस खजूरी सडक थाने परिसर में समाप्त हुई. सहायक पुलिस आयुक्त आदित्य राज सिंह और थाना प्रभारी नीरज वर्मा ने अभिमन्यु अभियान के तहत अभियान के जरिए लोगों को जागरूक किया. थाना परिसर में कार्यक्रम में नशा मुक्ति, अश्लीलता, असंवेदनशीलता, भ्रूण हत्या, अशिक्षा, बेटे और बेटी में मतभेद और महिला हेल्प लाईन नंबर 1090, पुलिस हेल्प लाइन नंबर 112, सायबर हेल्पलाईन नंबर 1930, चाइल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098, राष्ट्रीय महिला आयोग 7827170170 एवं पुलिस मोबाइल एप, सिटीजन कोप के संबंध में जागरूकता अभियान जनता के बीच में चलाया. यह जानकारी आम जनता को दी गई. मैराथन दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओ को एसीपी संभाग बैरागढ भोपाल ने पुरस्कृत भी किया.

# पीएचक्यू से तीन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विदाई

## विशेष पुलिस महानिदेशक ने दिए पौधे और स्मृति चिन्ह

**भोपाल, 30 सितंबर. पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से सितंबर महीने में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मंगलवार को विदाई दी गई. विभाग में तीन कर्मचारियों को विशेष पुलिस महानिदेशक आदर्श कटियार ने भावभीनी विदाई दी.**



वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी को पौधे और स्मृति चिन्ह भेंट किए. इस मौके पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वस्थ और आगामी सुखी जीवन की कामना की गई. सेवानिवृत्तों को उनके विभिन्न स्वत्व (क्लेम) भुगतान के आदेश भी प्रदान किए गए.

नवीन पुलिस मुख्यालय भवन कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित विदाई समारोह में विशेष पुलिस महानिरीक्षक अनिल कुमार, विशेष पुलिस महानिदेशक पवन श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आशुतोष राय के साथ ही अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे.

> पुलिस मुख्यालय से सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक प्रशासन नरेंद्र कुमार गंगराडे, उप पुलिस अधीक्षक अजाक आर.के.एस. सेंगर तथा कार्यवाहक उपनिरीक्षक (एम) ईमानवेल फेरी को पुलिस मुख्यालय परिवार ने विदाई दी. सहायक पुलिस महानिरीक्षक इरमीन शाह ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्यकाल पर प्रकाश डाला. विदाई समारोह में मौजूद अधिकारियों ने सेवानिवृत कर्मचारियों की मेहनत और लगन की सराहना की.



# बच्चों को दिया सीपीआर का प्रशिक्षण

**230 विद्यार्थियों ने लिया जीवन रक्षक तकनीक का ज्ञान**

**भोपाल, 30 सितंबर. सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा बैरागढ़ स्थित ए.टी. साहनी एवं के.टी. साहनी हायर सेकेंडरी स्कूल में सीपीआर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में अजय सक्सेना, कार्तिक सक्सेना, विद्यालय से सुरेश राजपाल , धर्मप्रकाश मोटवानी, हरिओम शर्मा, ज्योति चौहान एवं प्रिया धर्म वासवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे. प्रशिक्षण में 230 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया.

# बिना लाइसेंस चल रहा क्लीनिक बंद

**भोपाल, 30 सितंबर. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल द्वारा निजी अस्पतालों और क्लीनिक्स की जांच निरंतर की जा रही है. मंगलवार को भोपाल के जहांगीराबाद क्षेत्र में चल रहे अलशिफा क्लीनिक को बिना पंजीयन संचालित करने पर बंद करवाया गया है.**



क्लीनिक पर डॉ.आर डब्ल्यू बक्शी, एमडी मेडिसिन का बोर्ड प्रदर्शित पाया गया. निरीक्षण के समय दोपहर 2.00 बजे क्लीनिक में अकरम खान नामक युवक उपस्थित मिला. उन्होंने बताया कि डॉ. बक्शी नियमित रूप से क्लीनिक में नहीं आते हैं. निरीक्षण दल को क्लीनिक में एलोपैथिक दवाइयां, ड्रिप सेट, सिरिंज, इंजेक्शन वायल भी मिले. क्लीनिक का पंजीयन एवं लाइसेंस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में नहीं होने पर निरीक्षण टीम द्वारा क्लीनिक बंद रखने की चेतावनी दी गई है.

> पुलिस विभाग, ड्रग कंट्रोलर एवं प्रशासन को भी सूचना दी जा रही है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ.मनीष शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जिले में अलग-अलग स्थानों पर चिकित्सा व्यवसाय कर रहे व्यक्तियों की डिग्री, चिकित्सा पद्धति, काउंसिल का पंजीयन, मप्र उपचार्यगृह संबंधी स्थापना अधिनियम, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम, गुमास्ता लाइसेंस की जांच की जा रही है. इन क्लिनिक्स पर विभाग की टीम नजर रख रही है.

# संस्कृति पर्व शास्त्रीय सुरों से सजी शाम

## एसवी पॉलीटेक्निक कॉलेज में हुआ आयोजन

**भोपाल. कला, साहित्य और संस्कृति को समर्पित संस्था कला समय संस्कृति, शिक्षा और समाज सेवा समिति की ओर से मंगलवार को संस्कृति पर्व-9 का आयोजन किया गया.**



एसवी पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभागार में आयोजित एक दिवसीय महोत्सव का संयोजन मध्यप्रदेश संस्कृति संचालनालय के सहयोग से किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत साहित्य की आध्यात्मिक धारा भक्तिकाल और समाज में उसके जागरणकारी प्रभाव पर केंद्रित संगोष्ठी से हुई. इस दौरान महर्षि वैदिक संस्थान के अध्यक्ष प्रभुदयाल मिश्र ने कहा कि 14वीं से 17वीं शताब्दी का यह कालखंड भारतीय समाज के भीतर चल रहे धार्मिक अंधविश्वास, जातिगत भेदभाव और रूढ़ियों के विरुद्ध एक सशक्त वैचारिक प्रतिरोध था. सांस्कृतिक पर्व में कौशिका सक्सेना, चैतन्य भट्ट और संध्या मंडपे ने रागों से वातावरण को सुरमयी बना दिया.

# वाहन चलाते समय पुलिसकर्मी पहनेंगे हेलमेट

## पीएचक्यू ने जारी किया आदेश

- कई पुलिसकर्मी हो चुके हैं दुर्घटनाओं में घायल
- हेलमेट नहीं पहनने पर होगी कार्रवाई

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 30 सितंबर. प्रदेश में पुलिसकर्मी दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनेंगे. पीएचक्यू ने इसके लिए पीटीआरआई का आदेश जारी किया है. सभी जिलों के एसपी को इस संबंध में विभाग की ओर से सूचना जारी कर दी गई है.**

जारी आदेश में दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना क्यों जरूरी है बताया गया है. अतिरिक्त पुलिस महानिदेश पीटीआरआई द्वारा जारी आदेश में उल्लेख किया है कि यह देखा गया है कि दो पहिया वाहन चलाने वाले कुछ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी बिना हेलमेट के वाहन चलाते है. विगत वर्षों में कुछ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी वाहन दुर्घटना के शिकार हुए हैं और हेलमेट नहीं पहनने के कारण उन्हें गंभीर चोट पहुंची है, दुर्भाग्य से कुछ की मृत्यु भी हुई है.

सोशल मीडिया पर ऐसे पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने के वीडियो भी वायरल होते हैं. आम नागरिकों के हेलमेट नहीं पहनने पर पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई की जाती है, जबकि कुछ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी स्वयं हेलमेट धारण नहीं करते हैं.

**ये भी दिए निर्देश**

1. समस्त पुलिस थानों/ पुलिस लाइन एवं अन्य पुलिस इकाईयों में गणना के दौरान / रौलकॉल में सभी पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों को हेलमेट पहनने के लिये जागरूक एवं पाबंद किया जाए.
2. वाहन चैकिंग के दौरान, यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ता पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 194-डी के तहत चालानी कार्रवाई तथा लाईसेंस अमान्य की कार्रवाई की जाए.
3. उपरोक्त कार्रवाई के पश्चात् भी यदि किसी पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा हेलमेट धारण नहीं किया जाता है तो उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई भी करें.

निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार अपने अधीनस्थ पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों को हेलमेट पहनना अनिवार्य किया जाए एवं प्रत्येक माह उल्लंघन की स्थिति में की गई कार्यवाही की समीक्षा इकाई प्रमुख के स्तर पर की जाए.



# कोलंबो में विश्वरंग का शुभारंभ

**भोपाल, 30 सितंबर.** विश्व रंग श्रीलंका-2025 का भव्य शुभारंभ विश्व रंग फाउंडेशन (भारत), रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल, स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, भारतीय उच्चायोग कोलंबो, श्रीलंका के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानन्द सांस्कृतिक केन्द्र, भारतीय उच्चायोग, कोलंबो में किया गया. इस अवसर पर रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल के कुलाधिपति संतोष चौबे, विशिष्ट अतिथि लेखक, राजनयिक एवं पूर्व राज्य सभा सांसद पवन वर्मा, मुख्य अतिथि भारत के उच्चायुक्त ने संतोष झा, विशिष्ट अतिथि श्रीलंका के बुद्धशासन, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्य मंत्री हिनिदुमा सुनील सेनावी ने कार्यक्रम को संबोधित किया.



# बदल सकता है मौसम

**भोपाल,30 सितम्बर. प्रदेशभर में मौसम विभाग का कहना कि आज कई राज्यों में बारिश की संभावना जताई गई है.में दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा सक्रिय हो चुकी है.**

यह रेखा 20ए उत्तर/69ए पूर्व, वेरावल, भरूच, उज्जैन, झाँसी, शाहजहाँपुर और 30ए उत्तर/81ए पूर्व से होकर गुजर रही है. इसका मतलब है कि प्रदेश में मानसून धीरे-धीरे विदाई की ओर है, लेकिन कुछ जिलों में अभी भी बारिश का असर जारी रहेगा. मौसम विभाग ने जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है, उनमें रायसेन, सिहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच शामिल हैं.

वहीं भोपाल, विदिशा, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकला, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, पांढुर्णा जिलों में हल्की बूंदाबांदी या गरज-चमक के साथ बारिश संभव है.

**बारिश के संकेत हैं**

> 1 अक्टूबर को उत्तरी अंडमान सागर पर ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण बनने की संभावना है. इसके प्रभाव में बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों पर एक नया निम्न दाब क्षेत्र सक्रिय होगा. यह सिस्टम 2 अक्टूबर तक अवदाब का रूप लेकर पश्चिम-मध्य और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में पहुंच सकता है. इससे मध्यप्रदेश के पूर्वी और उत्तरी जिलों में बारिश की गतिविधियां तेज हो सकती हैं. कच्छ की खाड़ी और आसपास के क्षेत्रों पर सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र बना हुआ है. इससे जुड़ा चक्रवातीय परिसंचरण 7.6 किमी ऊंचाई तक सक्रिय है और इसके अगले 12 घंटों में उत्तर-पूर्व अरब सागर की ओर बढ़ने की संभावना है. इसके असर से मध्यप्रदेश के पश्चिमी और दक्षिणी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज हो सकती है.

**आयोजन** महाप्रबंधक ने किया नेतृत्व, बीएचईएल गेट नंबर 5, रामलीला मैदान, ए-सेक्टर पिपलानी में की सफाई

# स्वच्छता ही सेवा में बीएचईएल की अग्रणी भूमिका



बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल- भारी उद्योग मंत्रालय के निर्देश पर भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड भोपाल यूनिट द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का सफल आयोजन किया जा रहा है.**

इस अभियान का नेतृत्व महाप्रबंधक (मानव संसाधन) कर रहे हैं, जिसमें भोपाल नगर निगम का सहयोग प्राप्त हो रहा है. अभियान के तहत बीएचईएल गेट नंबर 5, रामलीला मैदान, ए-सेक्टर पिपलानी स्थित शास्त्री पार्क और ए-सेक्टर बरखेड़ा स्थित विजय मार्केट में सफाई कार्य किया गया.

इसमें झाड़ियों की सफाई, कचरा हटाना और व्यवस्थित कचरा निस्तारण शामिल रहा. भारत सरकार के स्वच्छता मिशन के अंतर्गत बीएचईएल और नगर निगम प्रत्येक शनिवार को संयुक्त रूप से सफाई अभियान चलाते हैं. इस कार्य में नगर निगम के सिविल, बिजली और जल आपूर्ति विभाग सहित स्थानीय संगठनों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रहती है.

> अभियान के दौरान सड़कों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई के साथ-साथ कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया. साथ ही स्वच्छता जागरूकता हेतु पोस्टर और बैनर भी लगाए गए. इस अभियान ने संदेश दिया कि स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि नागरिकों और संगठनों की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है. लक्ष्य है-स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ भारत का निर्माण.

# विश्व के पहले साहसी भगवान सिंह का स्वागत

**भोपाल, 30 सितंबर ( वार्ता )** राजधानी भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में आज खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा साहसिक खिलाड़ी भगवान सिंह कुशवाह का भव्य स्वागत किया गया। विभागीय अधिकारियों, प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों ने पुष्पमालाओं से उनका अभिनंदन करते हुए उनके अद्वितीय पराक्रम की सराहना की। मध्यप्रदेश के गौरव भगवान सिंह ने 5364 मीटर ऊँचाई पर स्थित माउंट एवरेस्ट बेस कैंप तक अपनी एमटीपी बाइक पहुँचाकर देश का तिरंगा फहराया और यह उपलब्धि हासिल करने वाले विश्व के पहले साहसी व्यक्ति बने। उन्होंने 9 दिनों की कठिन चढ़ाई पूरी करते हुए अपने साहस दिखाया.